प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

.....

## शीतकालीन सत्र

धर्मशाला स्थित तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज अन्तिम दिन है। आज सदन में गैर–सरकारी कार्य दिवस निर्धारित है, जिसमें विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। आज अन्तिम दिन विपक्ष रोजगार और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की योजना बना रहा है। सदन में गेस्ट टीचर भर्ती, आउटसोर्स कर्मियों की बहाली और सरकारी नौकरियों से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा और संभावित निर्णयों की उम्मीद है।

.....

## मस्जिद विवाद

राजधानी शिमला के संजौली मस्जिद विवाद को लेकर आज नगर निगम आयुक्त कोर्ट में सुनवाई होगी। इसमें निगम आयुक्त मस्जिद की धरातल और पहली मंजिल की वैधता को लेकर फैसला सुना सकते हैं। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने भी 8 सप्ताह के भीतर निगम आयुक्त को केस निपटाने के आदेश दे रखे हैं।

.....

## बजट बैठक

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल शाम राजस्थान के जैसलमेर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के केंद्रीय बजट के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री को कई सुझाव दिए गये । बैठक में प्रदेश की ओर से नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने भाग लिया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024–25 के तहत स्थानीय स्तर की योजनाओं को पूरा करने के लिये अनटाइड फंड के रूप में लगभग तीस हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि आबंटित की है।

.....

मल्टी टास्क

प्रदेश शिक्षा विभाग में 2021–22 में भर्ती हुए करीब 8 हजार पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स ने विधानसभा शीतकालीन सत्र के कल तीसरे दिन जोरावर स्टेडियम में धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री. को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष विक्रांत और महासचिव आशीष भारद्वाज ने बताया कि पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्ज में अधिकतर विधवा, विकलांग, बी.पी.एल. और अति निर्धन वर्ग के युवा नियुक्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्ट टाइम नियुक्त किया गया था और आज वे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के समान कार्य कर रहे हैं। पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्ज ने मांग की है कि उन्हें 12 महीने का वेतन दिया जाए साथ ही उन्हें दैनिक वेतन भोगी का दर्जा भी दिया जाए। उन्होंने सरकार से उनके लिए जल्द स्थायी नीति बनाने का आग्रह किया है।

.....

प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम

चंबा ज़िला में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सुशासन सप्ताह का उपमंडल स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। उपमंडल अधिकारी नागरिक प्रियांशु खाती ने बताया कि कार्यक्रम में आम जनमानस की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाएगा साथ ही लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज उप मंडल चंबा की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए पंचायत भवन बरौर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

.....

मौसम

समूचा प्रदेश इन दिनों शीत लहर की चपेट में है। मौसम साफ रहने के बावजूद कड़ाके की ठंड पड़ने से उपरी क्षेत्रों में अधिकांश नदी नाले जमने लगे हैं। जबकि मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा पड़ने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 27 दिसंबर से प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। वहीं विभाग ने उना, बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी जिला में 23 दिसबंर तक घने कोहरे के साथ शीत लहर चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

.....